Australian Government
Attorney-General's Department

# सार्वजनिक परामर्श

# जबरन विवाह के प्रति नागरिक संरक्षणों तथा उपायों को बेहतर बनाना

## गोपनीयता संग्रहण नोटिस और सहमति फॉर्म

Attorney-General's Department (अटॉर्नी-जनरल विभाग) (विभाग) आपकी कुछ व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित कर रहा है ताकि जबरन विवाह के लिए नागरिक संरक्षणों तथा उपायों को बेहतर बनाने के संबंध में परामर्श का समर्थन किया जा सके। आपकी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और यह कानून द्वारा संरक्षित है।

विभाग *ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों* (APPs) सहित *गोपनीयता अधिनियम 1988* का पालन करता है। APPs उन सभी मानकों, अधिकारों और दायित्वों को निर्धारित किया जाता है जो हमारे द्वारा लोगों की व्यक्तिगत जानकारी के प्रयोग और संभाल से सम्बन्धित होते हैं। इसमें यह शामिल है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्रित, संग्रहीत, प्रयोग, प्रकटीकृत और इसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित और सुरक्षित करते हैं, साथ ही इसमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच या उसमें सुधार करने केआपके अधिकार भी शामिल हैं।

### आपकी व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्रित की जाएगी

- यदि आप ऑनलाइन प्रश्नावली भरकर परामर्श में भाग लेते हैं, तो आपको किसी भी प्रकार की कोई व्यक्तिगत जानकारी देने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप ऐसा करते हैं, तो यह स्वैच्छिक आधार पर होगा।
- यदि आप विभाग को ईमेल भेजते हैं, तो विभाग के पास आपका ईमेल पता रिकॉर्ड में रहेगा, और आपका नाम भी, यदि आप इसे बताने का चयन करते हैं।
- आप परामर्श के लिए अपनी सबमिशन या फीडबैक के हिस्से के रूप में व्यक्तिगत या संवेदनशील जानकारी प्रदान करना चुन सकते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं, तो यह स्वैच्छिक आधार पर होगा।
- यदि आप किसी लक्षित परामर्श मीटिंग में भाग लेते हैं, तो विभाग आपको आमंत्रण भेजने के लिए आपसे आपका ईमेल पता पूछ सकता है, और आपका नाम भी, यदि आप इसे बताने का चयन करते हैं। आप किसी उपनाम का प्रयोग करके परामर्श मीटिंग में भाग ले सकते हैं।
- यदि आपको दुभाषिया सेवाओं की आवश्यकता है या आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में अपना सबमिशन प्रदान करते हैं, और यदि आपके लिखित या ज़बानी फीडबैक में आपकी व्यक्तिगत जानकारी बताई गई है तो अनुबंधित तृतीय पक्षों को इस तक पहुँच प्राप्त हो सकती है।

### यदि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित नहीं करते हैं

यदि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित नहीं करते हैं, तो इससे हमें आपको ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से लक्षित परामर्श में भाग लेने के लिए आमंत्रण भेजने या संपर्क करने में मुश्किल हो सकती है। इससे हमें परामर्श में आपके फीडबैक के किसी भी पहलू को स्पष्ट करने के लिए आपसे संपर्क करने में भी मुश्किल हो सकती है।

यदि आप अपना नाम बताने का चयन नहीं करते हैं या उपनाम का प्रयोग करना चाहते हैं, तो हो सकता है कि हम आपके द्वारा परामर्श के हिस्से के रूप में प्रदान की गई जानकारी या रिकॉर्ड तक आपको पहुँच प्रदान करने में सक्षम नहीं हों।

## आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रयोग कैसे किया जाएगा

- हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रयोग आपसे परामर्श करने के लिए करेंगे, जिसमें आपको लक्षित परामर्श में व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन भाग लेने के लिए आमंत्रित करना भी शामिल है ।
- यदि हमारे पास आपके फ़ीडबैक के संबंध में कोई भी प्रश्न है, तो हम आपसे संपर्क करने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रयोग कर सकते हैं।
- यदि आप हमारी वेबसाइट पर अपनी लिखित सबमिशन या फीडबैक प्रकाशित करने के लिए सहमति प्रदान करते हैं, तो हम आपकी पहचान संबंधी कोई भी जानकारी हटा देंगे बशर्ते कि आप हमें इसे साझा करने की सहमति नहीं देते हैं।
- यदि आप लिखित सबमिशन में व्यक्तिगत जानकारी शामिल करते हैं और उस सबमिशन को प्रकाशित करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करते हैं, तो आपकी व्यक्तिगत जानकारी प्रकाशित की जा सकती है।
- यदि आप किसी तृतीय पक्ष के बारे में व्यक्तिगत या संवेदनशील जानकारी प्रदान करते हैं, तो हम उस जानकारी को तृतीय पक्ष की सहमति के बिना प्रकाशित नहीं करेंगे, फिर चाहे आपने अपनी सबमिशन को प्रकाशित करने के लिए सहमति प्रदान ही क्यों न की हो।
- हम जबरन विवाह के लिए नागरिक सुरक्षा और उपायों को बेहतर बनाने का मॉडल विकसित करने के कार्य में शामिल अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ किसी भी रिपोर्ट, सबमिशन या सारांश को साझा करने से पहले आपकी व्यक्तिगत जानकारी को पहचान रहित कर देंगे। इसमें तृतीय पक्ष की व्यक्तिगत जानकारी शामिल है।
- आप परामर्श के लिए अपनी फीडबैक के हिस्से के रूप में व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकते हैं। यह जबरन विवाह के मुद्दे से निपटने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के सभी कार्यों को एक समन्वित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया के माध्यम से जानकारी प्रदान करेगा, जिसमें जबरन विवाह में या इसके जोखिम में होने वाले व्यक्तियों के लिए जबरन विवाह नागरिक संरक्षणों और उपायों को बेहतर बनाने के लिए मॉडल विकसित करना शामिल है।
- हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसी भी द्वितीयक उद्देश्य, जो इस नोटिस में उल्लिखित नहीं है, के लिए प्रयोग करने से पहले आपकी सहमति माँगेंगे।

## आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा किसके सामने किया जा सकता है

- यदि आप लिखित सबमिशन में व्यक्तिगत जानकारी शामिल करते हैं और उस सबमिशन को प्रकाशित करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करते हैं, तो आपकी व्यक्तिगत जानकारी प्रकाशित की जा सकती है। उदाहरण के लिए, यदि आप सबमिशन के शीर्षक पृष्ठ पर अपना नाम लिखते हैं या सबमिशन में अपनी व्यक्तिगत जानकारी शामिल करते हैं।
- यदि आप किसी लक्षित परामर्श में व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन भाग लेते हैं, तो आपका नाम परामर्श के दौरान अन्य प्रतिभागियों को दिखाई दे सकता है।
    - ऑनलाइन परामर्श के लिए, विभाग द्वारा Microsoft Teams के माध्यम से परामर्श के लिए मीटिंग होस्ट की जाएगी। Microsoft Teams अपने वर्चुअल प्लेटफ़ॉर्म से मीटिंग होस्ट करने के उद्देश्य से व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करता है, और आपकी व्यक्तिगत जानकारी के प्रबंधन के संबंध में उनकी अपनी नीति है। उनका गोपनीयता कथन उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- यदि आप अपना नाम साझा नहीं करना चाहते हैं, तो आप परामर्श में (ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से) भाग लेते समय किसी उपनाम का प्रयोग कर सकते हैं।

- परामर्श में सहायता प्रदान करने वाले तृतीय पक्षों को भी आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच प्राप्त हो सकती है। इसमें अनुवादक और दुभाषिए शामिल हैं जो आपकी ज़बानी या लिखित फीडबैक का अनुवाद या इसका भाषांतरण करते समय आपकी व्यक्तिगत जानकारी को पढ़ या सुन सकते हैं।
- यदि आप किसी ऐसी जानकारी का खुलासा करते हैं जिससे हमें यह प्रतीत होता है कि इससे आपको या किसी अन्य को नुकसान का जोखिम है, तो हमें इस जानकारी का खुलासा पुलिस और/या अन्य संबंधित प्राधिकारियों को करना पड़ सकता है।
- हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा अनिवार्य रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा करने या किसी संदिग्ध अपराध की रिपोर्ट करने के लिए भी करना पड़ सकता है।
- आपकी व्यक्तिगत जानकारी सूचना की स्वतंत्रता (Freedom of Information) के अनुरोधों के अधीन भी हो सकती है।

यदि हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करने का कोई अन्य कारण पता चलता है, तो हम ऐसा करने से पहले आपकी लिखित सहमति प्राप्त करेंगे।

## अधिक जानकारी

विभाग की गोपनीयता नीति इस संबंध में जानकारी प्रदान करती है कि विभाग आपकी जानकारी को कैसे संभालता है और उसकी सुरक्षा करता है। हमारी गोपनीयता नीति इस संबंध में भी जानकारी प्रदान करती है कि आप हमारे पास मौजूद अपनी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने के लिए अनुरोध या उसमें कोई सुधार कैसे कर सकते हैं, और यदि आपके पास गोपनीयता से संबंधित कोई प्रश्न या शिकायत है तो आप किससे संपर्क कर सकते हैं। यदि आपको हमारी गोपनीयता नीति की हार्ड कॉपी की आवश्यकता है, तो कृपया गोपनीयता अधिकारी से privacy@ag.gov.au पर संपर्क करें।

यदि आपके पास जबरन विवाह के लिए नागरिक संरक्षणों और उपायों को बेहतर बनाने के लिए सार्वजनिक परामर्श में भाग लेने के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो कृपया ForcedMarriage@ag.gov.au पर संपर्क करें।